Hindi Jokes

423 Administrator Sat, Apr 3, 2010 Arts and Entertainment 0 4289

एक दंपत्ति की शादी को साठ वर्ष हो चुके थे। उनकी आपसी समझ इतनी अच्छी थी कि इन साठ वर्षों में उनमें कभी झगडा तक नहीं हुआ। वे एक दूजे से कभी कुछ भी छिपाते नहीं थे। हां, पत्नी के पास उसके मायके से लाया हुआ एक डब्बा था जो उसने अपने पति के सामने कभी खोला नहीं था। उस डब्बे में क्या है वह नहीं जानता था। कभी उसने जानने की कोशिश भी की तो पत्नी ने यह कह कर टाल दिया कि सही समय आने पर बता दूंगी।

आखिर एक दिन बुढ़िया बहुत बीमार हो गई और उसके बचने की आशा न रही। उसके पति को तभी खयाल आया कि उस डिब्बे का रहस्य जाना जाये। बुढ़िया बताने को राजी हो गई। पति ने जब उस डिब्बे को खोला तो उसमें हाथ से बुने हुये दो रूमाल और 50,000 रूपये निकले। उसने पत्नी से पूछा, यह सब क्या है। पत्नी ने बताया कि जब उसकी शादी हुई थी तो उसकी दादी मां ने उससे कहा था कि ससुराल में कभी किसी से झगड़ना नहीं । यदि कभी किसी पर क्रोध आये तो अपने हाथ से एक रूमाल बुनना और इस डिब्बे में रखना।

बूढ़े की आंखों में यह सोचकर खुशी के मारे आंसू आ गये कि उसकी पत्नी को साठ वर्षों के लम्बे वैवाहिक जीवन के दौरान सिर्फ दो बार ही क्रोध आया था । उसे अपनी पत्नी पर सचमुच गर्व हुआ।

खुद को संभाल कर उसने रूपयों के बारे में पूछा । इतनी बड़ी रकम तो उसने अपनी पत्नी को कभी दी ही नहीं थी, फिर ये कहां से आये?

"रूपये! वे तो मैंने रूमाल बेच बेच कर इकठ्ठे किये हैं ।" पत्नी ने मासूमियत से जवाब दिया।

एक आदमी और उसकी पत्नी में अनबन हो गई और उन्होंने एक दूसरे से बोलना बंद कर दिया। एक दिन आदमी को सुबह 5 बजे की रेलगाड़ी से कहीं जाना था। इसके लिये 4 बजे जागना जरूरी था लेकिन वह भी पहले नहीं बोलना चाहता था। लिहाजा उसने कागज पर नोट लिखा - "मुझे 4 बजे जगा देना।" और पत्नी के सिरहाने रख दिया ।

सुबह जब वह उठा तो 9 बज रहे थे। उसकी ट्रेन छूट चुकी थी। गुस्से से भन्नाया हुआ वह पत्नी पर चिल्लाने ही वाला था कि उसकी नजर सिरहाने रखे कागज के टुकड़े पर पडी जिस पर लिखा हुआ था - "4 बज गये हैं। जाग जाइये।"

एक महिला रसोई में पहुंची तो देखा कि उसका पति जाली हाथ में लिए हुए घुमा रहा था।

"ये तुम क्या कर रहे हो ?" - पत्नी ने उससे पूछा ।

"मक्खियां मार रहा हूं।" - पति ने जवाब दिया।

”अच्छा ! एकाध मार पाये?” - पत्नी ने पूछा।

”तीन ! दो मादा और तीन नर ।” - पति ने कहा।

विस्मित होते हुये पत्नी ने पूछा - ”ये कैसे मालूम पड़ा ?”

”तीन शराब की बोतल पर थीं और दो फोन पर” - पति ने जबाब दिया।

Online URL: https://www.articlediary.com/article/hindi-jokes-423.html